जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



108 The Universe And Us

River Ganga spans a longitude of 12 degrees (79 to 91) and latitude of 9 degrees (22 to 31). 12 multiplied by 9 equals 108

The Best Way to Get Your Kids to Actually Listen

International Day of the Nachos

# माकन ने गहलोत से कहा, पुरानी बातें भुलाकर पार्टी को जिताने के लिए काम कीजिए

## पर गहलोत सभी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि, उनके समर्थक विधायकों को टिकट देना क्यों जरुरी है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। राहुल गांधी ने ए.आई.सी.सी. के कोषाध्यक्ष अजय माकन से कहा है कि वह अशोक गहलोत और मुकुल वासनिक के साथ बैठकर उम्मीदवारों के चयन का मसला हल करें। खासतौर पर उन निवर्तमान विधायकों, जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं की उम्मीदवारी पर निर्णय लें और उन पर भी निर्णय लें, जिन्हें लेकर यह पक्की आशंका है कि वे चुनाव हार रहे हैं।

सूत्र कहते हैं कि राहुल जहां यह समझते हैं कि अजय माकन राजस्थान से भली भांति परिचित हैं, वहीं मुकुल वासनिक को इसलिए शामिल किया गया है कि राजस्थान को लेकर उनकी भी समझ ठीक है, लेकिन इससे भी आगे बड़ी बात यह है कि वह अशोक गहलोत के नज़दीकी हैं।

- बताया जाता है कि, राहुल गाँधी इसीलिए मुकुल वासनिक को बीच में लाए हैं क्योंकि, वे ना केवल राजस्थान के बारे में जानते हैं बल्कि गहलोत के करीबी भी हैं और 50 प्रतिशत विधायकों के टिकट काटने के लिए गहलोत को तैयार कर सकते हैं।
- राहुल गांधी गहलोत समर्थक विधायकों के टिकट काटने पर आमादा हैं, जिन्हें सुनील कानूगोलू की सर्वे रिपोर्ट में हारा हुआ बताया गया है।
- राहुल गांधी ने इसीलिए गौरव गोगोई को स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया था, पर गोगोई संभवतया गहलोत से मैनेज हो गए और उन्होंने प्रत्याशियों की जो लिस्ट दी उस पर राहुल ने भारी नाराजगी दिखाई।
- अब राहुल ने अजय माकन और मुकुल वासनिक को जिम्मेवारी दी है, गहलोत को यह समझाने की कि, पार्टी को जिताने के लिए हारने वाले विधायकों के टिकट काटना जरुरी है।

समझा जाता है कि मुकुल वासनिक ही गहलोत को इस बात के लिए राजी करने की स्थिति में हैं कि वह अपने कई उन निवर्तमान विधायकों को चुनाव मैदान में ना उतारें जो स्पष्ट रुप से हारने की स्थिति में हैं।

राहुल गांधी का मानना है कि यदि कांग्रेस को राजस्थान में अपनी सरकार बनानी है तो पार्टी के कम से कम 50 प्रतिशत निवर्तमान विधायकों का टिकट कटना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से स्वयं राहुल गांधी द्वारा चयनित गौरव गोगोई ने टिकट वितरण में गड़बड़ी की है।

राहुल गांधी के एजेंडे की पालना के लिए ही गोगोई को स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था, लेकिन वह तब बुरी तरह विफल हो गए, जब उन्होंने वैकल्पिक नामों का उल्लेख किए बिना पहले वाले नामों का पैनल फॉरवर्ड कर दिया जिसमें एक-एक नाम ही था।

इससे राहुल गांधी बुरी तरह नाराज हुए और उन्होंने गौरव से पूछा कि जब सिंगल नाम ही फॉरवर्ड किए गए हैं, तो पार्टी की सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी (सी.ई.सी.) के पास विचार-विमर्श के लिए क्या शेष रह जाता है।

ऐसा महसूस किया जा रहा है कि दूसरी बार ही सांसद बने गोगोई को

(शेष पृष्ठ 4 पर)



*200 साल पुरानी एक पेंटिंग के बारे में माना जाता था कि यह मूल पेंटिंग की नकल है, पर अब इसे अठारहवीं सदी की विख्यात कलाकार रोसाल्बा कारिएरा की ''पोट्रेट ऑफ अ टायरोलीज़ लेडी'' के रुप में चिन्हित किया गया है। कारिएरा को ''क्वीन ऑफ पेस्टल पेंटिंग्स'' कहा जाता था, क्योंकि उसने 17 वीं सदी के आरंभ में इटली में घूम-घूम कर महिलाओं की पेंटिंग की पूरी श्रृंखला बनाई थी। इसके लिए उसे किंग जॉर्ज तृतीय से भारी सराहना मिली थी। सन् 1958 में टैंटन के आखिरी लॉर्ड, मॉरिस ईगरटन की मृत्यु के बाद, कोई उत्तराधिकारी नहीं होने के कारण यह पेंटिंग नैशनल ट्रस्ट को मिल गई। अस्सी के दशक में इस पेंटिंग को चैशर के टैंटन पार्क के स्टोर में रख दिया गया। हाल ही में पेंटिंग के फ्रेम के पीछे चिपकी हुई कागज़ की एक पर्ची मिली जिसके आधार पर इसकी पहचान मूल पेंटिंग के रुप में की गई। कागज़ की पर्ची में प्रार्थना और दुआएं लिखी हैं। कारिएरा अपनी कृतियों को निर्यात करते समय उनकी सुरक्षा हेतु पेंटिंग के पीछे ऐसी पर्चियाँ चिपका देती थीं। न्यूयॉर्क में फ्रिक कलैक्शन के डिप्टी डायरैक्टर और चीफ क्यूरेटर, ज़ेवियर सोलोमन कारिएरा के काम पर रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने ही नैशनल ट्रस्ट से सम्पर्क किया व कहा कि, यह कृति वास्तव में कारिएरा द्वारा बनाई हुई है। नैशनल ट्रस्ट की कलैक्शन मैनेजर कैरोलाइन लैथम ने कहा कि, यह पेंटिंग 80 के दशक से ही हमारे स्टोर में है। हमने सोचा था कि, यह मूल प्रति की नकल है। मरम्मत के बाद अब तस्वीर टैंटन पार्क में प्रदर्शित की गई है। रोसाल्बा अपने समय की बहुत लोकप्रिय कलाकार थीं।*




# 'शिकायत वापस ले लो कुत्ता लौटा दूंगी'

## सांसद महुआ मोइत्रा ने अपने वकील के जरिए आरोप लगाने वाले अपने पूर्व वकील मित्र जय अनंत देहद्राई को संदेश भिजवाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहद्राई के विरूद्ध महुआ मोइत्रा द्वारा दायर किए गए मानहानि के मुकदमें को सुनते हुए दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा कि उसे इस बात से विस्मय है कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद के वकील ने देहद्राई ने कहा कि अपने पालतू कुत्ते के बदले के सीबीआई से अपनी शिकायत वापस से लें।

बाद में वकील गोपाल शंकरनारायण ने मोइत्रा के केस से खुद को अलग कर लिया। कोर्ट 31 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करेगा।

इस सप्ताह में पहले मोइत्रा ने दुबे और देहद्राई के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था क्योंकि उन्होंने मोइत्रा पर संसद में प्रश्न पूछने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था।

जय अनंत देहद्राई ने आज एक्स पर लिखा कि उन पर अपनी शिकायत वापस लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर उन्होंने स्पष्ट इंकार कर दिया।

- बात खुली तो कोर्ट ने महुआ के वकील गोपाल शंकर नारायणन् को लताड़ा और फिर शंकर नारायणन् ने महुआ का केस छोड़ दिया। अब 31 अक्टूबर को केस की सुनवाई होगी।
- जय अनंत देहद्राई ने सी.बी.आई. में महुआ के खिलाफ पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने की शिकायत की थी, महुआ ने इस पर मान हानि का केस दर्ज किया है।
- महुआ ने समझौते की पेशकश के तहत वकील के जरिए संदेश भिजवाया था, जिस पर देहद्राई ने शिकायत कर दी, इस पर कोर्ट ने महुआ के वकील को लताड़ा कि, आप मध्यस्थ कैसे बन सकते हैं?

कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता से कहा, मुझे वाकई विस्मय है आप प्रतिवादी संख्या 2 (जय) के साथ इस मामले को लेकर संपर्क में है। आपने मध्यस्थ की भूमिका निभाने का प्रयास कियाः जब जय ने ऐतराज किया तो वकील ने मुकदमा छोड़ दिया।

देहद्राई ने कहा कल दोपहर में मुझ पर और सीबीआई को दी शिकायत और सांसद दुबे को दिया शपथ पत्र वापस लेने का दबाव डाला गया था। उन्होंने कहा कि उसकी जानकारी वे सीबीआई को देंगे। उन्होंने महुआ की ओर संकेत करते हुए कहा कि संदेशवाहक निर्दोष है, पर उनके बारे में सब कुछ बता देता है।

वह कहते है देहद्राई ने दुबे को खुद सबूत दिए थे कि मोइत्रा ने मुंबई स्थित बिल्डर और व्यापारी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत ली थी।

गुरूवार को व्यापारी हीरानंदानी ने

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक संपन्न

जयपुर, 20 अक्टूबर (का.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, प्रदेश चुनाव सह

- कभी भी आ सकती है दूसरी लिस्ट, जिसमें 50 से 70 प्रत्याशी घोषित किए जा सकते हैं।

प्रभारी कुलदीप बिश्नोई, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया सहित केंद्रीय चुनाव समिति व प्रदेश कोर ग्रुप के नेता

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# इज़राइल ने अल जज़ीरा पर प्रतिबंध लगाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। इज़राइल सरकार ने उन सभी मीडिया केन्द्रों व सैटलाइट चैनल को बंद करने की कार्यवाही को मंजूरी दी जिनके बारे में उसका आरोप है कि वे जो उसकी सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इजराइल सरकार ने अल जज़ीरा के नैटवर्क के इजराइल से प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया।

- इज़राइल का आरोप है कि अल जज़ीरा जो खबरें प्रसारित कर रहा है वे हमास की समर्थक हैं और इज़राइल की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

इजराइल के दूरसंचार विभाग ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और दूरसंचार मंत्री शोल्मो कराई के आदेश से सरकार अल जज़ीरा के प्रसारण को युद्धकाल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

बयान में कहा गया कि यह कदम इसलिए उठाया गया कि क्योंकि ऐसे

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# 'प्रधानमंत्री अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं तो क्या वे मुख्यमंत्री बनेंगे'

## कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दौसा में जनसभा में कहा कि, प्रधानमंत्री को राजस्थान में मुख्यमंत्री पद के लिए कोई चेहरा नहीं मिला है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुक्रवार को मजाक बनाते हुए कहा कि वह अपने नाम पर राजस्थान में वोट मांग रहे हैं।

राजस्थान के दौसा में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से यह पूछना चाहिए कि क्या वह राजस्थान के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं या अपने नाम पर इसलिए वोट मांग रहे हैं क्योंकि वह राजस्थान में मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजैक्ट करने के लिए कोई चेहरा नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गरीबों से लूटकर उद्योगपतियों का पेट भरना एक नीति बन चुकी है। उन्होंने जनता से कहा कि वह इस बात पर विचार करें कि यदि भाजपा सत्ता में आ गई तो कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्या होगा।

- उन्होंने कहा कि, अगर भाजपा सत्ता में आई तो कांग्रेस सरकार द्वारा शुरु किए गए जनकल्याण के कार्यक्रम, जैसे 25 लाख रु. का स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन योजना, इंदिरा रसोई, सस्ती रसोई गैस, सब बंद हो जाएगा।
- प्रियंका ने भाजपा पर आरोप लगाया कि, वह गरीबों से छीनकर अमीर उद्योगपतियों की जेब भरती है।

पुरानी पेंशन समाप्त हो जाएगी, रसोई गैस पर कोई राहत नहीं होगी और निःशुल्क मैडिकल उपचार सहित सभी कल्याणकारी योजनाएं और राहत समाप्त हो जाएंगी।

प्रियंका ने राजस्थान के लोगों को दी गई कुछ राहतों को गिनाया, जैसे कि 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, 8 रूपए में भोजन उपलब्ध करवाने वाली कुल एक हजार इन्दिरा रसोई, 5 सौ रूपए में रसोई गैस, महिलाओं को फ्री मोबाइल, एक करोड़ से अधिक परिवारों के लिए शून्य बिजली बिल, न्यूनतम आय गारंटी का क्रियान्वयन, शहरी क्षेत्रों में रोजगार जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही दिया जा चुका है, गिग वर्कर्स के लिए 5 लाख की लीगल सीक्योरिटी, 309 नए कॉलेज तथा प्रत्येक जिले में एक अस्पताल व नर्सिंग होम।

उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में संविदा पर कार्य को समाप्त करने, 21 लाख किसानों को 14 हजार करोड रूपयों का ग्रहण एवं गेहूं की सप्लायी

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# 'चीन के पास 500 न्यूक्लियर वॉर हैड्स हैं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। चीन लगातार अपना परमाणु शस्त्रागार बढ़ा रहा है इसके पास 500 न्यूक्लियर वॉर हैड्स हो गए है। टाइम्स ने एक खबर में पेंटागन के हवाले गत वर्ष के अनुमान से इसमें 100 की वृद्धि हुई है और चीन इसी राह पर चला तो 2030 तक इनकी संख्या 1000 हो जाएगी। इनमें से अधिकांश वॉर

- न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इनमें से अधिकांश अमेरिका तक परमाणु मिसाइल छोड़ने में सक्षम हैं।

हैड्स अमेरिका तक मार करने में सक्षम हैं।

चीन के परमाणु हथियार बढ़ाने की नीति का सबसे स्पष्ट प्रमाण यह है कि चीन गत वर्ष उत्तरी चीन के रेगिस्तान में साइलो मिसाइल के तीन क्लस्टर तैयार किए इनमें दूसरे महाद्वीपो पर मार करने वाली मिसाइलें तैनात की हैं। अमेरिका ने एशिया

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# 'महुआ ने मुझे पार्लियामैंट वैबसाइट का लॉग-इन पासवर्ड दिया था ताकि मैं उनके नाम पर अडानी के खिलाफ सवाल पोस्ट कर सकूं'

## दर्शन हीरानंदानी ने एक शपथ पत्र में यह दावा किया, जो महुआ की मुश्किलें बढ़ा सकता है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। तृणमूल कांग्रेस की तेज-तर्रार सांसद महुआ मोइत्रा पर दुर्व्यवहार और संसदीय परंपराओं के प्रति असम्मान के आरोपों को लेकर तूफान मच गया है।

एक उद्योगपति ने दावा किया है कि उन्होंने संसद में प्रश्न करने के लिए मोइत्रा को पैसे दिए थे।

यह व्यापारी गौतम अडानी का एक प्रतिद्वंदी है और उसने एक शपथ पत्र में स्वीकार किया है कि उन्होंने महुआ मोइत्रा की छुट्टियों का खर्च उठाया, उन्हें महंगे तोहफे दिए और उनकी अन्य फरमाइशें पूरी कीं। मोइत्रा ने जानबूझकर प्रधानमंत्री पर हमला किया और उनका नाम अडानी के साथ जोड़ा।

इन नुकसानदेह आरोपों के अलावा मोइत्रा को आज एक और झटका लगा, जब उनके वकील ने मुकदमा छोड़ दिया क्योंकि वह आरोपों पर अदालत से बाहर समझौते के प्रयास कर रही हैं।

यह आश्चर्य की बात है कि मोइत्रा जिस तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर रही हैं वह इस मुद्दे पर चुप्पी साधे है। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दुर्व्यवहार के आरोप कम नहीं है। इस नवीनतम आरोप ने पार्टी पदाधिकारियों की प्रतिष्ठा एवं ईमानदारी पर बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

मोइत्रा संसद में पार्टी की सबसे मुखर सदस्यों में से एक हैं। उन्होंने सदन में सरकार की आलोचक के रुप में प्रभाव वक्ता की छवि बनाई है।

- दर्शन हीरानंदानी ने यह भी दावा किया कि, महुआ के छुट्टी पर बाहर जाने का खर्चा उसी ने उठाया था तथा महुआ को महंगे तोहफे भी दिए थे। इसके एवज में महुआ ने अडानी के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोला था।
- हालांकि अभी सवाल यह भी पूछा जा रहा है कि, अचानक से दर्शन हीरानंदानी का हलफनामा कहां से आ गया है।
- मोइत्रा संसद की सर्वाधिक मुखर सांसदों में से एक हैं। पर हैरानी की बात है कि, तृणमूल ने अपनी इस तेजतर्रार सांसद के बचाव में कुछ नहीं कहा है।

यदि ये आरोप साबित हो जाते हैं तो संसद में तृणमूल कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए उन्हे संसद की एथिक्स कमेटी के समक्ष रखा गया है।

मोइत्रा ने इन आरोपों का खंडन किया था और दिल्ली हाईकोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दायर की थी। लेकिन आज जब हाईकोर्ट ने मोइत्रा के वकील की खिंचाई की तब वह केस से हट गया।

खबरों के अनुसार वकील ने स्वीकार किया कि अपने समझैते के लिए आरोप लगाने वाले से संपर्क किया था। जब यह बात कोर्ट के सामने आई तो उसने कहा कि वकील जिस मुकदमे का प्रतिनिधित्व करते हैं उसमें वे मध्यस्थ की भूमिका नही निभा सकते।

कोर्ट की विपरीत परिस्थितियों के बाद वकील तुरंत केस से अलग हो गया। इसने पहले से बदनाम इस केस को और बदनाम कर दिया।

उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी ने आरोप लगाया कि उन्होंने अडाणी के व्यापार पर महुआ मोइत्रा के लिए प्रश्न बनाकर दिए थे। यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि अचानक यह शपथ पत्र क्यों पेश हुआ और इसे सार्वजनिक क्यों किया गया। हीरानंदानी ने यह भी कहा कि मोइत्रा ने उन्हें संसद की बेबसाइट का लॉग-इन और पासवर्ड उपलब्ध करवाया।

हीरानंदानी ने कहा कि उन्होने इनका उपयोग कर संसद के समक्ष उठाने के लिए प्रश्न तैयार किए। यदि इन आरोपों में कुछ भी सच्चाई है तो यह मशहूर सांसद के लिए बहुत हानिकारक होगा। शपथ पत्र को अब संसद की एथिक्स कमेटी के समक्ष शुबा किया गया है जो इसका विस्तार से अध्ययन करेगी।

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# आंशिक चंद्र ग्रहण 29 अक्टूबर को

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। भारत में 28-29 अक्टूबर को आंशिक चंद्रग्रहण दिखाई देगा। ग्रहण 28 अक्टूबर को आधी रात को शुरू होगा और 29 अक्टूबर को सुबह तक चलेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि ग्रहण भारत के सभी जगहों से दिखाई देगा।

- ग्रहण देर रात एक बजकर 5 मिनट पर शुरु होगा और 2 बजकर 24 मिनट पर खत्म होगा।

चन्द्र ग्रहण एशिया प्रशांत के दूरसागर, ऑस्ट्रेलिया, ाशिया, यूरोप, अफ्रीका, ईस्टर्न साउथ अमेरिका, नार्थ ईस्टर्न वॉक अमेरिका, एटलांटिक महासागर, हिंद महासागर और दक्षिण प्रशांत महासागर में दिखेगा।

ग्रहण एक बजकर 5 मिनट पर शुरू होगा और 2 बजकर 24 मिनट तक चलेगा। भारत में अगला चंद्रग्रहण 7

(शेष पृष्ठ 4 पर)